Title : Reg: Need to generate work orders for Ordnance Clothing Factory in Shahjahanpur, Uttar Pradesh.

श्री अरूण कुमार सागर (शाहजहाँपुर) : मेरा संसदीय क्षेत्र शाहजहांपुर (उत्तर प्रदेश) एक अति पिछड़ा हुआ अनुसूचित जाति बाहुल्य क्षेत्र है। शाहजहांपुर में आयुध वस्त्र निर्माणी स्थित है। इस निर्माणी के पास वर्तमान में केवल वित्तीय वर्ष 2022-23 तक के लिए पर्याप्त वर्क लोड। है यदि इस निर्माणी को वित्तीय वर्ष 2023-24 के लिए वर्क लोड नहीं दिया जाता है तो यह निर्माणी बंद होने की स्थिति में पहुंच जाएगी।

ऐसी स्थिति में यह निर्माणी जो अपने कर्मचारियों को लगभग 15 करोड़ रूपये प्रति माह वेतन का भुगतान करती है और यह राशि शहर के दुकानदारों तक पहुंचती है, जिसका व्यापक असर शाहजहांपुर की अर्थव्यवस्था पर पड़ता है। बंद होने की स्थिति में हजारों लोगों को प्रभावित करेगी और मेरा पिछड़ा अनुसूचित बाहुल्य क्षेत्र बुरी तरह से प्रभावित होगा।

मैं सरकार के ध्यान में यह भी लाना चाहूंगा कि आयुध वस्त्र निर्माणी शाहजहांपुर की (टीसीएल ग्रुप) एक नवजात शिशु की तरह है। यदि इसका पालन पोषण नहीं किया गया तो इसका और समय ही अंत हो जाएगा।

अतः माननीय रक्षा मंत्री जी से अनुरोध है कि वह संसदीय क्षेत्र शाहजहांपुर में स्थित आयुध वस्त्र निर्माणी (टीसीएल ग्रुप) को वर्ष 2023-24 के लिए न्यू डिजाइन डिजिटल आर्मी यूनिफॉर्म ब्लैंकेट एवं अन्य उत्पाद का वर्क लोड दिए जाने हेतु निर्देशित करने का कष्ट करें, ताकि इस निर्माणी को यथावत चालू रखा जा सके।